## खबर संक्षेप

### अचानक मवेशी आ जाने से अनियंत्रित ट्रक पलटा

**कटनी**। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत भेड़ा टेक के पास बीती शाम एक जबलपुर से कटनी की ओर जा रहा एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे पलट गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में ट्रक चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक क्रमांक MP 18 ZG 1301 तेज गति में था जैसे ही वह भेड़ा टेक के पास पहुँचा, सड़क के बीचों-बीच अचानक एक मवेशी आ गया। मवेशी को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगाया और वाहन को तेजी से मोड़ने की कोशिश की जिससे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह लहराते हुए सड़क किनारे जा पलटा। ट्रक में भारी मात्रा में प्लास्टिक के टब लदे हुए थे जो सड़क किनारे बिखर गए। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुँचे। लोगों ने ट्रक के केबिन में फंसे चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। मौके पर जमा हुई भीड़ के कारण नेशनल हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात की गति धीमी हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्लीमनाबाद थाना पुलिस की टीम ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।

### विवाहिता ने लगाई फांसी, अभद्र टिप्पणी के आरोप

**कटनी**। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले एक युवक द्वारा फेसबुक स्टेटस पर की गई अभद्र टिप्पणियों और घर आकर किए गए अपमान के कारण महिला ने यह आत्मघाती कदम उठाया। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह पड़ोस में रहने वाले युवक ने युवती के फेसबुक स्टेटस को लेकर आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणियाँ शुरू की थीं। आरोप है कि विवाद सिर्फ सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रहा। आरोपित और उसके परिवार के सदस्यों ने युवती के घर पहुँचकर उसके साथ जमकर अभद्रता की और अश्लील भाषा का प्रयोग किया। सार्वजनिक अपमान से सदमे में आई युवती ने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वह अपने पीछे दो छोटे बच्चे छोड़ गई है, जिनमें एक दो साल की बेटी और महज छह महीने का बेटा शामिल है। शोकाकुल परिवार ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस जांच जारीघटना की सूचना मिलते ही ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया है। थाना प्रभारी ने मीडिया को बताया कि परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### ब्रीथ एनालाइजर से की जा रही चेकिंग

**कटनी**। एनकेजे पुलिस ने मुख्य बाजार एवं चौराहा में विशेष चेक पॉइंट लगाने के साथ-साथ होटल और ढाबों की भी टोह ली जा रही है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत ने बताया की नए साल के दौरान अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा विशेष निर्देश प्रदान किए गए है। दिए गए निर्देशों के अनुसार लगातार सक्रियता बरती जा रही है। थाना क्षेत्र के खिरहनी चौराहा, बाबा घाट में सड़क पर चेक प्वाइंट लगाए गए हैं। प्वाइंटों में स्टाफ द्वारा आने जाने वाले प्रत्येक वाहनों की जांच करते हुए वाहन चालकों की ब्रीद एनालाइजर के जरिए चेकिंग की जा रही है। कार्यवाही करते हुए नशे में वाहन चलाने वाले आधा दर्जन से भी अधिक वाहन चालकों पर धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई। होटल और ढाबों में नए वर्ष पर शराब खोरी की संभावनाओं को देखते हुए होटलों और ढाबों की जांच करने के साथ ही संचालकों को हिदायत भी दी जा रही है।

---

ठेकेदारों के गुर्गे गांव गांव पहुंचा रहे शराब की खेप, शिकायतों पर भी कार्यवाही नहीं

# अवैध कारोबार से शराब माफिया हो रहे मालामाल, नशेड़ियों के परिवार कंगाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



शराब की अवैध बिक्री का कारोबार बेलगाम हो चला है। माफियाओं समेत छुटभैये तस्करों के मन में कानून का कोई भय नहीं रहा। शराब की अवैध बिक्री और पियक्कड़ो की बढ़ती फौज से गांव गांव माहौल अराजक हो चला है। शराब दुकानों के अपने नियम कायदे है। तय अनुबंध के तहत लायसेंसी दुकानों से शराब बेंची जा सकती है लेकिन अधिक मुनाफे के लिये शराब ठेकेदारों ने अपना ही संविधान लागू कर रखा है। हर गांव में चल रही पैकारी के लिये बकायदे एजेंट नियुक्त है। यहां शासन का कानून नही बल्कि ठेकेदार और उनके लठैत, गुर्गो का हुक्म चलता है जिससे कोई विरोध भी नहीं कर पाता। जिले के दूर-दराज के गांव में भी आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। माफियाओं की तगड़ी सेटिंग से गांव-गांव अवैध शराब बेरोकटोक बिक रही है।

विलायत कला हाईवे के बगल से शराब दुकान खोल दी गई है जिसमें ग्रामीणों ने भी कई बार विरोध जताया। जांच टीम भी आई मगर उनको हाईवे में दुकान नहीं नजर नही आई और मामला ले दे कर दबा दिया गया। बसाड़ी में नेशनल हाइवे पर खुलेआम अवैध शराब की पैकारी खोल दी गई है जहां पर शराब ठेकेदार द्वारा अपने लोगों के माध्यम के दिन रात अवैध रूप से शराब बिक़वाई जा रही है। पैकारी में एवम पैकारी के सामने सुराप्रेमी खुले आम शराब के जाम छलकाए जाते हैं किंतु अधिकारी कार्रवाई करने स्थान पर चुप्पी साधकर बैठे हैं बसाडी एनएच पर अवैध रूप से संचालित पैकारी संचालक अपने पैकारी मे ऐसा सिस्टम बनवाया है कि यदि कोई रात में चेक करने जाता है तो पैकारी की पूरी लाइट एक ही बटन से बंद कर दी जाती है।

### गांव गांव पैकारियों से बेची जा रही शराब

बसाड़ी, देवरी, सलईया, बंदरी , रोहनिया, खरहटा संकरीगढ़, गणेशपुर, कुम्हारवारा , सांधी, नेगवां, गुड़ा कला ,छोटी विलायत, पथवारी, भजिया, भुडंसा,पंसोकर, लोहरवारा नंबर 2,कछारी, बरगवां नम्बर 01 एवं ऐसे कई गांव में शराब ठेकदार द्वारा शराब बिक वाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसा कोई गांव ना होगा जहां पैकारी खोली ना गई हो। गांव-गांव संचालित पैकारियों की जानकारी होने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जाती। जुगलबंदी से अवैध शराब बिक्री का गोरखधंधा बदस्तूर जारी है।

### सेटिंग से बेरोकटोक अवैध बिक्री

शराब की अवैध बिक्री से माफिया तो मालामाल हो रहे हैं लेकिन गांव में पियक्कड़ों की बढ़ती फौज से लोगों की घर-गृहस्थी तबाह हो रही है। शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने में कोई भी सक्षम नहीं साबित हो पा रहा है। हालात दिनों दिन ज्यादा बदतर होते जा रहे हैं। नशे के आदी हो चुके युवा अपनी लत को पूरा करने के लिए अपराध करने से भी नहीं हिचकते। चोरी, लूट, डकैती सहित अन्य अपराधों के पीछे काफी हद तक नशा ही कारण साबित हो रहा है। नशे से नशेड़ी की जिंदगी तो बर्बाद होती ही है, परिवार भी कंगाली की कगार पर पहुंच जाता है। नशे के कारोबार को खत्म करने कानून का पालन सख्ती से करना होगा तभी अवैध कारोबार करने वालों पर लगाम लग सकेगी और माफियाओ में कानून का डर भी बना रहेगा लेकिन जिन पर कार्यवाही का दारोमदार है उन्हीं की सेटिंग से सब कुछ खुलेआम चल रहा है।

---



# शराब की अवैध बिक्री पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

बरही थाना क्षेत्र के ग्राम कुंदरेही में धड़ल्ले से चल रही अवैध शराब बिक्री के खिलाफ दिन रविवार को गांव में जनआक्रोश फूट पड़ा। गांव की महिलाओं के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण महिला एवं पुरुषों ने एकजुट होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में आक्रोश और जुबान पर नारे थे — "गांव में शराब नहीं बिकेगी", "नशा नहीं, विकास चाहिए"।

महिलाओं ने बताया कि गांव में शराब की अवैध बिक्री से घर-घर में अशांति फैल रही है। पुरुष नशे के आदी होते जा रहे हैं, जिससे घरेलू हिंसा, आर्थिक तंगी और बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ रहा है। कई महिलाओं ने भावुक होकर कहा कि शराब ने उनके परिवारों की खुशियां छीन ली हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि शराब माफिया खुलेआम गांव में कारोबार कर रहे हैं और स्थानीय प्रशासन व पुलिस की निष्क्रियता से उनका मनोबल बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे लोगों में भारी रोष है।विरोध प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब वे चुप नहीं बैठेंगी। यदि जल्द से जल्द अवैध शराब कारोबार पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वे थाना एवं प्रखंड कार्यालय का घेराव, सड़क जाम और अनिश्चित कालीन आंदोलन करने को बाध्य होंगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि गांव में अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक, लगाई जाए अन्यथा आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

---

नगर निगम अमले द्वारा चलाया गया जांच अभियान

# गंदगी फैलाने, अमानक पॉलिथीन बचने एवं पशुओं को आवारा छोड़ने पर वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था के साथ ही सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा लगातार निरीक्षण और सख्त कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में संबंधित अमले ने शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों का नियमित निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलिथीन का उपयोग करने वाले दुकानदारों तथा सड़कों पर आवारा मवेशी छोड़कर यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई।

जोन क्रमांक 4 माधव नगर क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान अमानक पॉलिथीन के उपयोग और सार्वजनिक मार्गों पर गंदगी फैलाने पर 5,450 रुपये का स्पॉट फाइन वसूला गया। वहीं जोन क्रमांक 3 के खिरहनी ओवरब्रिज से माई नदी–राहुल बाग मार्ग पर दुकानदारों द्वारा गंदगी फैलाने पर 1,600 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों को अमानक पॉलिथीन का उपयोग न करने और दुकानों में डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने की हिदायत दी गई।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की हांका गैंग द्वारा चलाए गए अभियान में पशुपालकों द्वारा पशुओं को खुले में छोड़ने और नियमों का पालन न करने पर 1,300 रुपये का जुर्माना किया गया।

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालने तथा पशुपालकों से अपने पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने की अपील की है। निगम प्रशासन ने संदेश दिया है कि नागरिकों की सुरक्षा, सुगम यातायात और स्वच्छ शहर के संकल्प से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। नियमों

---

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में मनाया गया स्थापना दिवस



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ की गई। कांग्रेसजनों ने पार्टी के संस्थापक नेताओं एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देश की आज़ादी से लेकर लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। कांग्रेस सदैव गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं की आवाज़ बनकर संघर्ष करती रही है। कार्यक्रम के दौरान संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया गया तथा देश में भाईचारा, सद्भाव और समानता बनाए रखने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला,महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा,वरिष्ठ नेता राजा जगवानी,युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव अंशु मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता सौम्या राधेलिया, आफताब अहमद,मारूफ अहमद एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

---

4 माह की अवधि के लिए किया जिले की राजस्वव सीमाओं से निष्कासित

# कलेक्टर द्वारा आदतन अपराधी के विरूद्ध की जिलाबदर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने छोटी खिरहनी कटनी थाना एनकेजे निवासी माखन निषाद पिता रज्जू निषाद उम्र 30 वर्ष के विरुद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 4 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्वत सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है।

### प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के बाद भी आचरण में नहीं आया कोई सुधार

माखन निषाद के विरूद्ध थाना एनकेजे में वर्ष 2014 से अब तक कुल 17 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें गाली-गलौज करना, जातिगत शब्दोंत से अपमानित करना, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना, जुआं खेलना, चोरी करना व धारदार लोहे के हथियार से डराने-धमकाने जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा माखन के विरूद्ध समय-समय पर वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई है फिर भी आदतन अपराधी के आचरण व्यनवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने आदतन अपराधी माखन निषाद को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्वव सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्नाट एवं उमरिया जिले की राजस्वर सीमाओं से 4 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

---

पांच दिवसीय साहित्य महोत्सव एवं पुस्तक मेले का हुआ समापन

# सनातन धर्म की रक्षा के लिए सक्षम बनाना चाहिए, देश सुरक्षित रहेगा तो सब सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



साहित्य महोत्सव और पुस्तक मेले का रविवार को समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साहित्य महोत्सव के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पंजाबी साहित्य अकादमी के निदेशक सरदार अजीत सिंह नैयर, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलगुरू इंद्रप्रकाश त्रिपाठी, मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत के प्रांत कार्यवाह उत्तम बैनर्जी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कटनी-खजुराहो लोकसभा सांसद वीडी शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर अमित साहू और कार्यक्रम संयोजक पारस जैन भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रभात प्रकाशन की पुस्तक पञ्च परिवर्तन का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। प्रांत कार्यवाह कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत के प्रांत कार्यवाह उत्तम बैनर्जी ने कहा कि भारत का समाज परिवर्तिन होने के लिए खड़ा है, उसमें आशा है कि परिवर्तन कौन कर सकता है, वो सोचते हैं कि राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के लोग आएंगे और पूरे देश में परिवर्तन कर देंगे। मोदीजी पर आश लगाए हुए हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पंजाबी साहित्य अकादमी के निदेशक सरदार अजीत सिंह नैयर ने कहा कि देश सुरक्षित रहेगा, तो सब सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बंग्लादेश में हिंदुओं का दमन किया जा रहा है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए सक्षम बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा आपसे यही आग्रह है कि हमारी संख्या अधिक होना बहुत जरूरी है। उन्होने चार बच्चे पैदा करने की बात भी कही।


विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए कुलगुरू इंद्रप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि हमारे उपनिषदों में भी कहा गया है कि आचार्य देवो भवः गुरू देवो भवः की कल्पना है, लेकिन पूरे जीवन के लिए स्वाध्याय करने के लिए भी कहा गया है, तो स्वाध्याय के प्रति बच्चों को प्रेरित करने की आवश्यकता है।

---

बहोरीबंद में भगवान शांतिनाथ का वार्षिक महामस्ताभिषेक

# अभिषेक करने से मिलती है आत्मा शांति व समृद्धि की होती है प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद में भगवान शांतिनाथ का वार्षिक महामस्तिकाभिषेक रविवार को ब्राह्मचारी जिनेश भैया व नरेश भैया के सानिद् मे सानंद संपन्न हुआ ।इस अवसर पर प्रातः मंदिर मे अभिषेक पूजन शांतिविधान तथा दोपहर मे 1008 भगवान शांतिनाथ का वार्षिक महामस्तिका भिषेक का आयोजन बाल ब्रह्मचारी जिनेश भैयाजी के सानिद मे सम्पन किया गया ।कार्यक्रम के प्रथम चरण में भगवान शांतिनाथ के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन मंच पर विराजमान मुनि महाराज को शास्त्र भेंट तथा मंगल कलशो की बोलियां का कार्यक्रम किया गया।

भगवान शांतिनाथ का वार्षिक महा महोत्सवका कार्यक्रम प्रारंभ किया गया ।परमार्थ का क्षेत्र स्वार्थ त्याग का इस दौरान ब्राह्मचारी जिनेश व नरेश भैया ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि धर्म का क्षेत्र पवित्र भावनाओं का क्षेत्र है!इस उद्देश्य को लेकर हम सभी भगवान शांतिनाथ के समवशरण में मेला के रूप में एक दूसरे से मिलते हैं। मेला का मतलब है सहृदयता एवं स्वार्थ त्याग का पवित्र उद्देश्य जब हम भगवान शांतिनाथ जी के मंदिर निर्माण का उद्देश्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं तब हमें निजी एवं छोटे-मोटे स्वार्थ को त्याग करके इस बड़े उद्देश्य की पूर्ति करना होगी क्योंकि यही जिनालय परमार्थ प्राप्ति के निमित्त हैं। अतः परमार्थ के कार्य में स्वार्थ त्याग परम आवश्यक है,इसे तप के रूप में भी माना जाता है।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रात पूजन अभिषेक पूजन शांतिविधान आयोजित हुआ। मंगलाचरण आदि के कार्यक्रम ब्रम्हचारी भैया जिनेश के सानिद्ध मे 1008 भगवान शांतिनाथ का अभिषेक कथा शांति धारा का आयोजन भक्ति भाव के साथ सानंद संपन्न किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष दादा उत्तमचंद जैन .डॉ के एल जैन,प्रकाश पाण्डेय,अजय गर्ग, पप्पू सैनी, प्रशांत जैन,अनुराग जैन, कवि अजय अहिंसा, प्रेमचंद प्रेमी, आलोक जैन,एडवोकेट प्रतिमान जैन, प्रशांत जैन, नरेंद्र सिंघई, पवन मोदी,मिठ्ठलाल जैन,संजय जैन, रमेश चंद जैन,संजय जैन, दिनेश जैन, प्रमोद जैन,महेन्द्र जैन, संतोष जैन, पंडित गोपीचंद जैन,अभय कुमार जैन, विमल सिंघई,विजय जैन,मनोज जैन आदि मौजूद रहे।

---

# विद्यार्थियों को दी शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी, कराया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी के संरक्षण एवं प्रभारी सौरभ तिवारी के संयोजन में संचालित 'कॉलेज चलो अभियान' सत्र 2026-27 सम्पन्न हुआ।

इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापकों के विभिन्न दलों ने आसपास के शासकीय एवं निजी विद्यालयों का भ्रमण कर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में शासन द्वारा संचालित शैक्षणिक योजनाओं, सुविधाओं एवं अवसरों की जानकारी प्रदान की। साथ ही विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया।

अभियान के दौरान महाविद्यालय द्वारा शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय बरही, शास. कन्या उच्चतर माध्य. विद्यालय बरही, शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय सिनगौड़ी, शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय पिपरियाकलां, शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय गैरतलाई, शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय इटौरा, शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय आमातारा, शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय सलैया सिहोरा, शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय खितौली, शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय अमरपुर, शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय चिल्हारी, शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय बेल्दी पड़वार, सी.एम. राइज करेला के साथ-साथ निजी विद्यालयों में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही, आर. सी. स्कूल बरही, किड्स वे अकादमी बरही एवं डी.ए.वी. कोटेश्वर माइंस विद्यालय का भ्रमण किया गया।

इन विद्यालयों में कक्षा बारहवीं में कला संकाय के 853, गणित संकाय के 221, जीव विज्ञान संकाय के 449, वाणिज्य संकाय के 115 तथा व्यवसायिक संकाय के 25 अध्ययनरत विद्यार्थियों को इस अभियान से प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा विद्यालय प्रमुखों से विद्यार्थियों को महाविद्यालय भ्रमण हेतु आमंत्रित भी किया गया। अभियान की सफलता में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफ की सक्रिय सहभागिता एवं तत्परता का विशेष योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

## जिला शिक्षा केंद्र की टीम शिक्षकों से निरंतर कर रही शैक्षिक संवाद

**कटनी।** शालाओं की सघन मानीटरिंग करने तथा एफएलएन आधारित दक्षता के आधार पर प्राथमिक शालाओं को निपुण शाला बनाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला शिक्षा केंद्र की टीम द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी ने शासकीय माध्यमिक शाला बंधी, शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला सरसवाही, शासकीय प्राथमिक शाला धरवारा के शाला अवलोकन के साथ शैक्षिक संवाद जनशिक्षा केंद्र धरवारा तथा पान उमरिया मे शैक्षिक संवाद किया। शैक्षिक संवाद में उपस्थित सभी शिक्षकों को पुनरावलोकन व समेकन के साथ समय- सीमा मे पाठ्यक्रम पूर्णता के साथ बच्चों को कक्षानुरूप व पाठ्यक्रम पूर्णता के आधार पर बिषय वस्तु का ज्ञान हो,ऐसा सुनिश्चित करने के प्रयास करने प्रेरित किया गया।साथ ही नवभारत साक्षरता के अंतर्गत चेतना केंद्रों के व्यवस्थित संचालन करते हुए शेष बचे असाक्षरों के शत-प्रतिशत पंजीयन कर इस अभियान में सभी की सहभागिता की अपील की गई।

## मिशन वात्सल्य के अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला चिकित्सालयमें मिशन वात्सल्य के अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में संरक्षण अधिकारी मनीष तिवारी द्वारा प्रतिभागियों को व्यक्तिगत देखरेख योजना एवं सामाजिक जाँच रिपोर्ट की रूपरेखा, निर्माण और महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। तदुपरांत बाल प्रबंधन समिति एवं निरीक्षण समिति के कार्य दायित्व एवं भूमिका एवं मिशन वात्सल्य पोर्टल के सम्बन्ध में चर्चा की गई। प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में बाल कल्याण समितिके अध्यक्ष योगेश बघेल द्वारा प्रतिभागियों को मिशन वात्सल्य के क्रियान्वयन एवं किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत विभिन्न हितधारकों के कार्यदायित्वों के सम्बन्ध में प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकासविभाग सुश्री वनश्री कुर्वेती,पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, दुर्गेश मरैया, कमलेश पटेल, श्रीमती कनक शर्मा, अजय दुबे, शैलजा पाण्डेय, सुश्री शिवानी यादव, नीतेश राठौर, बाल देखरेख संस्थाओं के प्रतिनिधि, विशेष किशोर पुलिस इकाई कटनी के पदाधिकारी एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अखंड संकीर्तन एवं भंडारे का होगा आयोजन

**सिलौंडी।** श्रीपंचमुखी दरबार सिलौंडी में अयोध्या के श्रीरामलला की प्राणप्रतिष्ठा की दूसरी वर्ष गांठ के शुभ अवसर पर पौष मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी, 31 दिसंबर बुधवार सुबह 10 बजे से संत दामोदर दास त्यागी महाराज के पावन सानिध्य में ग्राम पुरोहित संयोग शास्त्री महाराज के निर्देशन में पंचमुखी सेवा न्यास दरबार और सिलौंडी के जनमानस के विशेष सहयोग से अखंड संकीर्तन और 1 जनवरी गुरुवार को हवन, पूजन, विशाल शोभायात्रा सीताराम लक्ष्मण जी की झांकी और महा प्रसाद भंडारा का आयोजन है ।

## मंदिर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल चोरी

**कटनी।** बरही के विजयनाथ धाम मंदिर से दिनदहाड़े बाइक चोरी कर बदमाश चंपत हो गया। मंदिर के पुजारी जगतराज तिवारी ने बताया कि वे रोज़ की तरह भगवान की पूजा-अर्चना के लिए मंदिर के अंदर गए हुए थे। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर मंदिर के बाहर खड़ी उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 ME 1648 चोरी कर ली। पूजा समाप्त होने के बाद जब पुजारी मंदिर के बाहर पहुंचे तो उनकी मोटरसाइकिल वहां मौजूद नहीं थी। इसके बाद उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की और लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन चोरी गई मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिल सका। पुजारी बरही थाना पहुंचे और लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### कलेक्ट्र के सख्त रूख से हुई कार्यवाही, वसूले गये साढ़े 11 लाख रूपये

# जिले में 56 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त, निकासी पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के पहले से ही जिले में दलालों, व्यादपारियों और बिचौलियों के कुत्सित मंसूबों पर लगाम लगाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य, कृषि एवं उपज मंडी द्वारा गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान के भौतिक सत्यापन का सिलसिला शुरू कर संयुक्त जांच दल द्वारा अब तक 56 हजार 802 क्विंटल धान जब्ती कर निकासी पर प्रतिबंध लगाया गया है।

इस धान पर मंडी शुल्क , निराश्रित शुल्क और समझौता शुल्क को मिलाकर करीब 11 लाख 47 हजार 196 रूपये की राशि व्यापारियों व गोदाम संचालकों से वसूली जा चुकी है। इसमें 8 लाख 21 हजार 662 रूपये 5 गुना मंडी शुल्क , 1 लाख 64 हजार 334 रूपये निराश्रित शुल्क एवं 1 लाख 61 हजार 200 रूपये समझौता शुल्की शामिल है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि संयुक्त दल द्वारा की गई कार्यवाही में बीते नवंबर माह से अब तक कटनी तहसील के 12 वेयरहाउस एवं 5 वाहनों में 42 हजार 889.05 क्विंटल धान भंडारित पाई गई जिस पर 5 गुना मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क. एवं समझौता शुल्क मिलाकर कुल 4 लाख 86 हजार 112 रूपये व्यापारियों से वसूले गये।

इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 3 फर्मो में 1 हजार 902.54 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। जिस पर 5 गुना मंडी शुल्कम, निराश्रित शुल्के एवं समझौता शुल्क मिलाकर कुल 1 लाख 46 हजार 560 रूपये व्यापारियों से वसूले गये।

इसी तरह रीठी तहसील में अब तक 4 फर्मो एवं 1 वाहन में कुल 2 हजार 210.2 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। जिस पर 5 गुना मंडी शुल्कं, निराश्रित शुल्का एवं समझौता शुल्क मिलाकर कुल 79 हजार 624 रूपये व्यापारियों से वसूले गये।

जबकि बहोरीबंद तहसील में अब तक 4 फर्मो में कुल 2 हजार 827.5 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। जिस पर 5 गुना मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क मिलाकर कुल 3 हजार 384 रूपये व्यापारियों से वसूले गये।

विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक 4 फर्मो में कुल 2 हजार 754.08 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। जिस पर 5 गुना मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्कि एवं समझौता शुल्क मिलाकर कुल 2 लाख 49 हजार 444 रूपये व्यापारियों से वसूले गये।

इसके अलावा स्लीमनाबाद व ढ़ीमरखेड़ा तहसील में अब तक 5 फर्मो में कुल 4 हजार 218.8 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। जिस पर 5 गुना मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क मिलाकर कुल 1 लाख 82 हजार 72 रूपये व्यापारियों से वसूले गये।

बताते चलें कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के काफी पहले से ही कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर जिले में धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर कड़ी नजर रखी जा रही है और कार्रवाईयां भी की गई हैं। खाद्य, राजस्व और कृषि उपज मंडी के अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।



## विद्यार्थियों को गणित से जुड़ी रोचक जानकारियां दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासकीय महाविद्यालय बडवारा में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया । इस अवसर पर ₹भारतीय ज्ञान परंपरा एवं गणित का महत्वʀ विषय पर वृहद रुप से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अवसर पर छात्र-छात्राओं को श्रीनिवास रामानुजन के बारे में जानकारी दी गई ।प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. दिव्या यादव सहायक प्राध्यापक- हिन्दी ने गणित से जुड़ी रोचक कथा के माध्यम से छात्र-छात्राओं को ज्ञान से जुड़े अनुभव, अवलोकन और बोध के पक्ष को समझाया। कार्यक्रम में बताया गया कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमें साक्षर से शिक्षित होने का मार्ग बताती है। गणित विभाग से श्रीमती तोषी पटेल ने छात्र- छात्राओं को प्राचीन गणित के विषय में जानकारी दी । कार्यक्रम के अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उपस्थिति दर्ज़ करायी। कार्यक्रम के दौरान समाजशास्त्र विभाग से श्रीमती विमला सिंह, अंग्रेजी विभाग से डॉ. रचना पांडे, वाणिज्य विभाग से डॉ. योगिता अरजरिया एवं डॉ. कल्पना सतनामी एवं अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.के. सिंह के निर्देशन में किया गया। साथ ही सुशासन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इस दिवस की महत्ता के विषय में बताया गया। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी जो कि सुशासन के प्रणेता माने जाते हैं को याद किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसान भाई 31 दिसम्बर तक करा सकेंगे रबी फसलों का बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा कराने हेतु पंजीयन की प्रक्रिया शुरू है। इच्छुक कृषक 31 दिसम्बर 2025 तक अपने पटवारी हल्के में अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं।

उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन, तिलहन फसल हेतु बीमित राशि का अधिकतम 1.5 प्रतिशत मात्र प्रीमियम कृषक भाईयों द्वारा देय है।

ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है वह उस बैंक में अपना बीमा करवायें। जबकि अऋणी कृषक, 31 दिसम्बर 2025 तक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंको, सहकारी समितियों तथा अऋणी किसान बैंक, जन सेवा केंन्द्र (सीएससी), ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंन्द्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं।

बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी वर्ष 2025-26 के तहत किसानों को सिंचित गेहूं हेतु 36 हजार 350 रूपये की बीमित राशि हेतु 545.25 रूपये का प्रीमियम देना होगा। जबकि असिंचित गेहूँ हेतु 26 हजार 250 रूपये की बीमित राशि हेतु 393.75 रूपये, चना हेतु 38 हजार 850 रूपये की बीमित राशि हेतु 582.75 रूपये, मसूर हेतु 28 हजार 350 रूपये की बीमित राशि हेतु 425.25 रूपये, राई व सरसों हेतु बीमित राशि 26 हजार 850 रूपये हेतु 402.75 रूपये एवं अलसी हेतु बीमित राशि 20 हजार 950 रूपये हेतु 314.25 रूपये का प्रीमियम देना होगा। उपसंचालक कृषि ने सभी कृषकों से फसलों का बीमा कराने की अपील की है।



## कांग्रेस पार्टी का मनाया गया स्थापना दिवस

**स्लीमनाबाद।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस रविवार को स्लीमनाबाद ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में मनाया गया जिसमें देश के लिए प्राण निछावर करने वाले वरिष्ठ नेताओं को माल्यार्पण किया गया और वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। साथ ही कांग्रेस के सिद्धांतों पर ब्लॉकध्यक्ष पं प्रदीप त्रिपाठी ने प्रकाश डाला। इस दौरान जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आदित्य दुबे, युवा नेता अनुराग मिश्रा, मंडलम अध्यक्ष राकेश साहू, शेखर यादव, गुल्लू भाईजान, जयकुमार यादव, रणजीत यादव, मुन्ना सिंह, भगत सिंह, गेंदालाल आदिवासी व अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



दद्दा धाम स्थित श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम में नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 60 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें उनकी ईसीजी, शुगर एवं ब्लड प्रेशर (बीपी) की जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया तथा प्राथमिक उपचार की भी समुचित व्यवस्था की गई। शिविर में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष तिवारी (सेल्वी हॉस्पिटल, जबलपुर) के साथ डॉ. कार्तिक जाटव, साहिल दुबे, आशीष परिहार, नेहा दुबे, अंकित विश्वकर्मा एवं धर्मेंद्र मिश्रा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।इस अवसर पर डॉ. आशीष तिवारी का स्वागत दद्दा जी शिष्य मंडल द्वारा किया गया। वहीं श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम समिति की ओर से डॉ. सुनील त्रिपाठी, पंडित नीरज देव प्रभाकर शास्त्री द्वारा उनका सम्मान किया गया।शिविर के दौरान डॉ. आशीष तिवारी ने सभी वृद्धजनों को कंबल भेंट कर मानवीय संवेदना और सेवा भावना का परिचय दिया।

## देहदान कर दूसरों के जीवन में कर सकते हैं उजाला, अंगदान पर मिलेगा गार्ड ऑफ ऑनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अंगदान कर व्यक्ति किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जिंदगी देने और बचाने के नेक व पुण्य कार्य में सहभागी बन सकता है। वहीं देहदान करने से चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई करने वाले छात्रों को मदद मिलेगी, जिससे वे शरीर विज्ञान की बेहतर प्रायोगिक जानकारी हासिल कर भविष्य में अच्छे चिकित्सक बन सकेंगे।जिसका समाज को लंबे समय तक लाभ मिल सकेगा। शासन के प्रावधानों के तहत अंगदान या देहदान करने वालों के अंतिम संस्कार के समय गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया जाएगा।

### देहदान का यह है अर्थ

देहदान की अपील का अर्थ है, मृत्यु के बाद अपने शरीर को चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के लिए दान करने का निस्वार्थ कार्य, जो मेडिकल छात्रों को प्रशिक्षण और चिकित्सा विज्ञान की प्रगति में मदद करता हैऔर इसके लिए पंजीकरण फॉर्म भरकर, परिवार से सहमति लेकर और संबंधित मेडिकल कॉलेज या संस्थान को सूचित करके किया जा सकता है।ताकि भावी डॉक्टरों को मानव शरीर को समझने में मदद मिले और समाज में एक नेक कार्य हो सके।

### इन्हे मिलेगा गार्ड ऑफ ऑनर

अगर नागरिक हार्ट हृदय, लिवर, गुर्दे जैसे अंगों का दान करता है तो उसे गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया जाएगा। ये आदेश मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी संभागायुक्त, कलेक्टर, पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों को भेजे गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इस पहल का उद्देश्य अंगदान और देहदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है और इन महान दानदाताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है।साथ ही देहदान अथवा हृदय, लीवर व गुर्दा दान करने वाले लोगों को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी जाएगी। साथ ही उनके परिजनों को 26 जनवरी एवं 15 अगस्त को सार्वजनिक रूप से सम्मानित भी किया जाएगा।

देहदान करने से भविष्य के डाक्टरों को पढ़ाई के लिए मानव शरीर उपलब्ध हो जाता है। वहीं अंगदान से मिले अंग का प्रत्यारोपण कर किसी जरूरतमंद, घायल व्यक्ति की ज़िंदगी बचाईं जा सकती है।

*नगर परिषद का दर्जा मिलने के बाद मिलेंगी कई सुविधाएं*

## बड़वारा को नगर परिषद बनाने की मांग तेज, चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

ग्राम पंचायत बड़वारा को नगर परिषद का दर्जा दिलाने के लिए क्षेत्र के समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने मोर्चा खोल दिया है। 'समाज सेवा विकास संस्था' के बैनर तले रविवार को बड़वारा मुख्यालय में एक वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्थानीय निवासियों ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लेते हुए अपनी सहमति दर्ज कराई और सरकार से जल्द से जल्द बड़वारा को नगर परिषद घोषित करने की मांग की।

हस्ताक्षर अभियान के दौरान समाजसेवी नंदिनी रजक ने क्षेत्र की उपेक्षा पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बड़वारा ग्राम पंचायत जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्रफल और राजस्व संग्रह के मामले में पूरी तरह सक्षम है। सरकार इस क्षेत्र से प्रतिवर्ष करोड़ों-अरबों रुपये का राजस्व प्राप्त करती है, लेकिन विकास के मामले में बड़वारा को आज भी पीछे छोड़ दिया गया है। इसे नगर परिषद का दर्जा मिलना यहां के नागरिकों का अधिकार है।



अभियान में शामिल समाजसेवी

### फायर ब्रिगेड की कमी

मैना सिंह ने नगर परिषद बनने से होने वाले व्यावहारिक फायदों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बड़वारा मुख्यालय में दमकल फायर ब्रिगेड वाहन की अनुपलब्धता एक गंभीर समस्या है।वर्तमान में आगजनी की घटना होने पर 40 किलोमीटर दूर कटनी मुख्यालय से दमकल बुलानी पड़ती है। जब तक गाड़ी पहुंचती है, तब तक किसानों की फसलें और ग्रामीणों के घर जलकर राख हो जाते हैं। यदि बड़वारा नगर परिषद बनता है, तो यहां स्थायी रूप से दमकल वाहन की सुविधा होगी, जो क्षेत्र के किसानों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। संस्था के सदस्यों का मानना है कि नगर परिषद बनने से न केवल सफाई व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट में सुधार होगा, बल्कि व्यवस्थित बाजार, पक्की नालियां और बेहतर पेयजल आपूर्ति जैसे बुनियादी ढांचे का विकास होगा।

हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से नागरिकों ने एक सुर में कहा कि अब वे अपनी मांग को लेकर पीछे नहीं हटेंगे।इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए पत्रों पर हस्ताक्षर किए।

### पचमठा धाम में श्रीमद भागवत कथा का किया जा रहा है आयोजन

## भागवत कथा धूमधाम से बनाया भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़





मां शारदा की धार्मिक नगरी पचमठा धाम में श्री मदभागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर कथावाचक अचार्य अनुज कृष्ण शास्त्री की अमृतवाणी से ध्रुव प्रहलाद की कथा कहने के उपरांत कृष्ण जन्मोत्सव की कथा मैं बताया की दुष्ट दुराचारी कंस के कार्यों से सभी जन दुखी हो रहे थे किंतुजब-जब धर्म की हानि होती है तब असुर अधम और अभिमानी की बढ़ोतरी होती है ऐसे समय में भगवान का मनुष्य रूप में इस पृथ्वी पर प्राकट्य होता है और भगवान सज्जनों का दुख दूर कर पृथ्वी का भार कम करते हैं।

शास्त्रीजी ने बताया की कंस की बहन देवकी के विवाह उपरांत जब कंस को मालूम हुआ की देवकी की आठवीं संतान मेरा वध कर देगी मृत्यु की खबर सुनकर कंस हमेशा व्याकुल रहने लगा इतना ही नहीं वसुदेव देवकी को जेल में डाल दिया और उनके पुत्रों का क्रमशः बध करने की ठन ली एक के बाद एक करके पुत्रों का वध करने लगा आठबे पुत्र के रूप में भगवान कृष्ण ने माता देव की को चतुर्भुज रूप में दर्शन दिया माता देवकी ने कहा हे भगवान कीजै शिशु लीला अति प्रिय शीला यह सुख परम अनूपा देवकी की प्रार्थना सुनकर भगवान बाल रूप में प्रकट हो गए: भगवान श्री कृष्ण के जीवंत झांकी का दर्शन कराया गया ।

आचार्य गण द्वारा शास्त्रोक्त विधि से पांचों पचार पूजन कराया गया भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप निहारी स्तुतिकर आरती की गई माखन मिश्री का भोग लगाया गया नंद घर आनंद भयों तीन लोग जीत लियो की गूंज पूरे पंडाल में होने लगी महिलाओं द्वारा तरह-तरह की लाडले मंगल गीत गाए गए उपस्थित सिद्धार्थ जनों को माखन मिश्री मेवा मिष्ठान आदि का प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर मनीषदेव मिश्रा उदयराज सिंह चौहान जयवंत सिंह चौहान प्रमोद मिश्रा हरीश दुबे हरिओम बर्मन शिवकुमार पांडे शिवदत्त राजा उरमलिया सोनू दुबे मंजू लता बर्मन रोहित मिश्रा जयशंकर उरमालिया कामता गुप्ता जेपी मिश्रा सोनू शर्मा राजेश दुबे संत कुमार विश्वकर्मा दीपक कछवाह अशोक गुप्ता मनोज गुप्ता हंसराज सिंह विकास दत्त मिश्रा श्रीमती राजनी मिश्रा श्रीमती वर्षा चतुर्वेदी श्रीमती राधा मिश्रा वेदांश मिश्रा अनन्या मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## अरहर उत्पादन की धारवाड़ पद्धति का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ. सुनील बाजपेईके मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉवी के द्विवेदीके सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा पाठ्यक्रम के अनुसार जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को 'कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग' के अंतर्गत अरहर का उत्पादन बढ़ाने के लिए धारवाड़ पद्धति का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत रोपण पद्धति को अपनाकर उत्पादकता में वृद्धि, बीज दर में कमी, उन्नत बीज का उपयोग, अंतरवर्तीय फसल पद्धति, खरपतवार कीट एवं रोग नियंत्रण तथा शस्य क्रियाओं का उपयोग करके कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कृषक पद्धति एवं धारवाड़ पद्धति से वार्षिक आय के आर्थिक विश्लेषण की जानकारी दी गई। बताया गया कि 2 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर उन्नत बीज को पॉलिथीन बैग में मिट्टी एवं जैविक खाद भरकर प्रत्येक पॉलिथीन बैग में एक-एक बीज डालकर बोने तथा 20 से 25 दिन का पौधा होने पर पॉलिथीन बैग से निकालकर रोपण कर देना चाहिए। प्रति एकड़ 3000 पौधे लगाए जाते हैं। पौधों को कतार से कतार 5 फुट एवं पौधे से पौधे को 3 फुट की दूरी पर लगाकर अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

**खबर संक्षेप**

## नेशनल हाईवे 39 में सतना से इंदौर जा रही यात्री बस पेड़ से टकराई

**यात्रियों ने बताया नशे में था ड्राइवर और खलासी, बाल-बाल बचीं 30-35 लोगों की जान**

**पन्ना।** जिले के देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सकरिया मोड़ के पास एक तेज रफ्तार यात्री बस सड़क किनारे अनियंत्रित होकर जंगल की ओर घुस गई और पेड़ से टकराकर खड़ी हो गई। पेड़ न होता तो बड़ी दुर्घटना हो जाती। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि 25 सवारियां स्लीपर में थी और कुछ लोग सीटों में बैठे भी थे। बस सतना से इंदौर जा रही थी। इस बस में कुछ छात्र और युवा कर्मचारी भी सवार थे जिनका कल जरूरी काम इंदौर में था। दुर्घटना के बाद ड्राइवर गायब है और बस कंपनी द्वारा जो हेल्पलाइन नंबर दिया गया था उससे कोई मदद यात्रियों को नहीं मिली। सूचना के लगभग 40 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची। और कार्रवाई में जुट गई है। एक घायल को देवेंद्रनगर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है एवं 3 पन्ना जिला की ओर गए थे

### समाजसेवियों ने साल के आखिरी सप्ताह किया श्रमदान

# गंगा झिरिया में श्रमदान कर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



देवश्री गौरीशंकर मुक्तिधाम सेवा समिति द्वारा सेवा सप्ताह की कड़ी को जोड़ते हुए अंतिम रविवार को उपकाशी नगर के सिद्ध स्थल गंगा झिरिया धाम में श्रमदान कर मंदिर परिसर की साफ सफाई खरपतवार को नष्ट किया गया। आपको बता दें कि नगर की गौरीशंकर मुक्ति धाम सेवा समिति विगत कई वर्षों से समाज सेवा का कार्य करने सुबह 7 से श्रमदान स्थल पर पहुंच जाते है।

समिति के प्रयास से नगर के गौरीशंकर मुक्तिधाम में बहुत ही सराहनीय कार्य किए गए हैं। समाज सेवियों ने बताया कि हमें ऐसा करने से आत्म शांति मिलती हैं इस पल के इंतजार में हमारा पूरा सप्ताह कब बीत जाता है पता ही नहीं चलता कुछ लोग हमसे प्रभावित भी हैं और कुछ प्रतिक्रिया भी करते हैं पर हम लोगों की प्रतिक्रियाओं पर ध्यान न देते हुए अपने कार्य पर ध्यान देते हैं हम लोगों का उद्देश्य सकारात्मक होता है कि हम लोगों के कार्य से यदि एक इंसान भी प्रभावित होता है और वह समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आता है तो हमारे मन को बहुत खुशी मिलती है। समाजसेवियों ने बताया कि अंग्रेजी वर्ष 2026 आने वाला है जिसमें नए वर्ष में नगर के लोग पिकनिक मनाने के लिए नगर से दूर दराज जाते जिसमें समय के साथ-साथ परिवहन में भी पैसा खर्च होता है जबकि नगर में बहुत से ऐसे सिद्ध क्षेत्र व पर्यटन स्थल हैं जहां पर पिकनिक मना सकते है। जिससे समय के साथ साथ पैसा भी कम खर्च होगा एवं परिवहन नियंत्रण भी रहेगा। इसी उद्देश्य को लेकर समाजसेवियों द्वारा गंगा झिरिया धाम पर श्रमदान के साथ-साथ पिकनिक का भी आयोजन रखा गया जिसमें सभी सदस्यों ने मिलकर गक्कड़ भर्ता का लुत्फ उठाया। श्रमदान करने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी पंडित राजाराम गोस्वामी, पुष्पेंद्र पांडे, अशोक चंपी चौरसिया, जितेंद्र राय पांजी, शिव शंकर कुशवाहा, केशव प्रजापति ,धर्मेंद्र सेन, सोनू पंडा, डॉ वीरेंद्र मोदी ,रामकुमार राय, संतोष कोरी, प्रवीण नामदेव, संदीप सोनी ,देवांश राय पांजी, बच्चा पार्टी माही रैकवार, राधा ,ज्योति, सृष्टि राय पांजी आदि की उपस्थिति रही।

# फिजियोथैरेपी शिविर रहा उपयोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



महिला जैन मिलन नेमी नगर शाखा दमोह क्षेत्र क्रमांक 10 के तत्वाधान में निशुल्क विशाल दर्द निवारक उपचार शिविर सम्यक हेल्थ केयर सेंटर फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन प्यासी मंदिर परिसर में किया गया शनिवार को किया गया। इस शहर में जबलपुर के न्यूरो फिजियो व कायरो पद्धति के विशेषज्ञ डॉ राहुल राजपूत फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ सुधीरजाटव फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ.शिवानी चौधरी एवं संस्था प्रमुख डॉ अखिलेश जैन द्वारा फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, कंपन थेरेपी, नीडलिंग जर्मनी की मशीनों द्वारा कमर दर्द, घुटने का दर्द, साइटिका का दर्द, फ्रोजन शोल्डर, लकवा आदि का इलाज किया गया डॉक्टर अखिलेश जैन के साथ उनकी पूरी टीम भी साथ में सहायता करने के लिए आई टीम में रिंकी, हिना, अंजलि, बलराम, जसवंत, मुकेश यह सभी उपस्थित रहे। शिविर का प्रारंभ महावीर भगवान की स्तुति और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शिविर में हमारे दमोह के जाने-माने वलय माससाहव को भी जैन मिलन नेमी नगर शाखा ने आज बुलाया करीब 50 से 40 साल से जो हमारे दमोह के आसपास के गांव में अपनी फ्री सेवाएं दे रहे हैं किसी को कोई भी दर्द हो या कोई भी नस ब्लॉक हो हर किसी का इलाज यह फ्री करते हैं और हजारों लोग इनसे इलाज करवा कर ठीक भी हो चुके हैं दमोह में पहली बार फिजियोथैरेपी उन्होंने शुरू की थी आज तक कभी भी किसी मंच पर उनका सम्मान नहीं हुआ ऐसी हम लोगों को डॉक्टर अखलेश जैन ने जानकारी दी आज पहली बार जैन मिलन के स्टेज पर उनका सम्मान किया गया उनका सम्मान करने का सौभाग्य आज हमारी शाखा को मिला। इस शिविर में हमारे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पदाधिकारी की उपस्थिति रही। शिविर में राष्ट्रीय संयोजक स्वास्थ्य प्रभारी वीर डॉक्टर एल सी जैन जैन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीर दिलेश चौधरी जैन, क्षेत्रीय मुख्य संयोजक वीर सुधीर जैन डब्लू, क्षेत्रीय मंत्री अति वीरांगना कविता ऋषभ जैन, क्षेत्रीय मुख्य संयोजिका वीरांगना अर्चना जैन, नगर शाखा की क्षेत्रीय संयोजिका वर्षा जैन, की उपस्थिति रही। हमारी शाखा की प्रभारी वीरांगना रश्मि जैन बीएसएनएल, अध्यक्ष वीरांगना सीमा बाबा जैन, मंत्री वीरांगना डॉली जैन, कोषाध्यक्ष वीरांगना दिशा जैन, प्रचार मंत्री वीरांगना सीमा आगरा जैन, वीरांगना चंद्रप्रभा जैन, वीरांगना शोभा जैन, वीरांगना रोशनी जैन, वीरांगना सविता जैन, वीरांगना ज्योति जैन, वीरांगना अनीता जैन, वीरांगना डोली कांच मंदिर जैन, वीरांगना शिल्पी जैन, वीरांगना सविता जैन इन सभी सदस्यों की उपस्थिति रही शिविर का समापन सभी डॉक्टर को मूवमेंट देकर उनका सम्मान करके हुआ और आखरी में सभी ने पारसनाथ भगवान की स्तुति करके शिविर का समापन किया।

# कांग्रेसियों ने मनाया कांग्रेस का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हटा के द्वारा गांधी वार्ड हटा में डां. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस का स्थापना दिवस कार्यक्रम रखा गया। जिसमें कांग्रेस पार्टी के सभी नेतागण कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों की उपस्थिति रही। स्थापना दिवस के कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता पं मथुरा पटैरया ने की एवं मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता मकुंदी लाल विश्वकर्मा एवं कांग्रेस नेता जानकी अहिरवार रहे। कार्यक्रम में डां.भीमराव आंबेडकर जी महात्मा गांधी जी एवं पं.जवाहरलाल नेहरू के चित्रों पर सभी कांग्रेसियों द्वारा माल्यार्पण कर वंदेमातरम गायन के साथ किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष योगेश सराफ, पूर्व अध्यक्ष घनश्याम यादव, नपा.उपाध्यक्ष नीलू पाठक, बृजेश गुप्ता, रामनाथ राय, मुकुंदी लाल विश्व कर्मा, राजाराम साहू, मनोज भाई ने कांग्रेस की नितियों विचारधारा पर अपनी अपनी बात कही। इसके बाद सभी कांग्रेसियों को संविधान की शपथ दिलाई गई एवं राष्ट्रगान गाया गया। एवं हाल ही में दिवंगत हुए कांग्रेस पार्टी के नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में आलोक वर्धन हजारी, सुनील राय, राजेन्द्र सोनी, महेन्द्र राय, राजेश जैन, गैसाबाद उप ब्लॉक अध्यक्ष योगेश पटैल, विनोद बर्मन, दीनदयाल पटेल, विवेक जैन, राजेश यादव, शंकर बर्मन, अमन खरे, अंसार खान, प्रदीप दवे, भगवानदास पटेल, शिवनंदन विश्व कर्मा, संदीप दुबे, ईश्वर सिंह, माधव प्रजापति, दीनदयाल पटेल, महेन्द्र लोधी, बड्डू तंतुवाय, ब्रज खटीक, हरिनारायण अहिरवार, राकेश सोनी (छक्कू) सहित अनेकों कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

# अटल जन्म शताब्दी वर्ष पर हुआ भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



भारतीय जनता पार्टी हटा द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रविवार को नगर के शिवशक्ति गार्डन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक उमादेवी लालचंद खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे जिला महामंत्री अरुण तिवारी जिलामंत्री श्रीमती सुधा सेन द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अटल जी के जीवन पर महामंत्री अरुण तिवारी द्वारा प्रकाश डाला गया। एसआईआर प्रभारी बहादुर पटेल ने एसआई आर की उपयोगिता बताई विधायक ने अटल जी की सरलता सहजता विनम्रता के गुणों का बखान करते हुए कहा कि पोखरण में परमाणु परीक्षण किया। कारगिल में पाकिस्तान को सबक सिखाया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सौगात दी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के बताए मार्ग पर देश की सरकार चल रही है। मध्यप्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। यही सबका साथ-सबका विकास का संकल्प है। अटलजी के समय ही गांव-गांव में सड़कें बनाने का अभियान शुरु किया गया। उसी समय हाईवे के विस्तार पर भी काम शुरु हुआ। आज लाखों किलोमीटर की सड़कें देश भर में बन चुकी हैं। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि अटल जी ने देश के लिये परमाणु सम्पन्न बनाया साथ ही हर गांव में पानी शिक्षा सड़क दी अटल जी के लिये राष्ट्र प्रथम था। इस अवसर पर भरत यादव यादव पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष भोले सराफ वरिष्ठ नेता लालचंद खटीक सहित ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल , बलवंत सिंह पटेरा, देवेन्द्र ठाकुर हिंडोरिया, राजेंद्र यादव कुम्हारी, कमलेश चौदहा मड़यिादो के साथ कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक पंडित लक्ष्मण तिवारी एवं आभार नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा 'विजयनंदन' ने किया।

## कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया



**बटियागढ़** । अखिल भारतीय कांग्रेस का 140 वा स्थापना दिवस 28 दिसंबर 2025 को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय बटियागढ़ में मनाया गया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पटेल ने झंडा वंदन किया एवं सभी कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही। कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास पर अब तक राष्ट्रीय हित में किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस जनों का सम्मान किया एवं कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर मिष्ठान का वितरण किया गया कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चरण सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पटेल , युवा कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गर्ग, जनपद सदस्य पृति.अमजद खान, विजय चौरसिया, अल्पसंख्यक मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष इस्माइल खान राकेश लंबरदार, मनीष राज, धीरज सेन, सूर्यप्रताप, महाराज सिंह समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की विचारधारा से कराया अवगत



**अजब धाम।** पथरिया विधानसभा क्षेत्र के अजब धाम मैं कांग्रेस पार्टी के 140 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सतीश पटेल द्वारा पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई जिसमें पार्टी की विचारधाराओ से अवगत कराया गया जिसमें कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ कार्य करता गौरव गर्ग करामत खान, नीरज तिवारी, विनोद तिवारी, आलोक चौधरी, फरीद खान, आयुष तिवारी, मनीष मिश्रा, भरत साहू, नाथू कोरी, आदि सभी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी मैं बैठक संपन्न हुई।

# बूथ केंद्रों पर 'मन की बात' का 129वां प्रसारण सुना

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल द्वारा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 129वें प्रसारण का मंडल के सभी बूथ केंद्रों पर सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने मांगज वार्ड 4 के बूथ क्रमांक 135 में कार्यकत्ताओं के साथ मन की बात सुनी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में 'मन की बात' का ये आखिरी एपिसोड है, अब हम साल 2026 में ऐसे ही उमंग और उत्साह के साथ, अपनेपन के साथ अपने 'मन की बातों' को करने के लिए 'मन की बात' के कार्यक्रम में जरूर जुड़ेंगे। लोगों से मिलने वाले सुझाव और इस दिशा में उनके प्रयासों को देखकर ये विश्वास और मजबूत होता है और जब ये सब बातें मेरे तक पहुँचती हैं, तो 'विकसित भारत' का संकल्प जरूर सिद्ध होगा । ये विश्वास दिनों दिन मजबूत होता जाता है । साल 2026 इस संकल्प सिद्धि की यात्रा में एक अहम पड़ाव साबित हो, आपका और आपके परिवार का जीवन खुशहाल हो। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने कहा कि 'मन की बात' जन-जन को जोड़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा दिखाने वाला कार्यक्रम है, जो प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और प्रधानमंत्री के प्रेरक संदेशों को गंभीरता से सुना।

# पेपरलेस प्रक्रिया की सफलता को बतायेगा दमोहः सारिका

**दमोह।** जुलाई 2025 में दमोह जिले के गैसाबाद जनपद क्षेत्र में हुए उपचुनाव के पेपरलेस आयोजन की सफलता के बाद दमोह आज (सोमवार 29 दिसम्ब्र) होने जा रहे उपनिर्वाचन मे रिकार्ड बनाने जा रहा है क्योंकि मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला प्रशासन को 77 मतदान केंद्रों पर पेपरलेस निर्वाचन प्रक्रिया को दोहराने की जिम्मेदारी दी है । यह बात ब्रांड एम्बे सेडर सारिका घारू ने पेपरलेस बूथ जागरूकता कार्यक्रम मे कही । सारिका ने बताया मप्र राज्यि निर्वाचन आयोग के आयुक्तद श्री मनोज कुमार श्रीवास्त्व, सचिव श्री दीपक सिंह के मार्गदर्शन तथा कलेक्ट र श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन मे वे मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया के डिजिटलीकरण के इस नवाचार के बारे मे जागरूक कर रही हैं । सारिका ने बताया कि पंचायत चुनावों को सरल, सुविधाजनक और पारदर्शी बनाने के लिए पेपरलेस चुनाव की पहल शुरू की गई है । इसमें मतदान के लिए ईवीएम का उपयोग किया जाता है लेकिन बाकी की सभी प्रक्रियाएं, जैसे कि 26 प्रकार के फॉर्म भरना और रिपोर्टिंग, डिजिटल लैपटॉप या टैबलेट पर की जाती है । डेटा सीधे ऑनलाइन माध्यम से राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा जाता है, जिससे मानवीय त्रुटि की संभावना कम हो गई है। जुलाई की सफलता के बाद दमोह जिले को दोबारा अवसर मिला है । अब आज (सोमवार 29 दिसम्बार) मतदाताओं की बारी है वे करें शत प्रतिशत मतदान और पेपरलेस प्रक्रिया की सफलता को बताये प्रदेश और देश स्ततर पर ।

# चने की इल्ली से फसल को बचाएं किसान रहे सावधानः डॉ. द्वारका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ़



इस समय चने की फसल पर इल्ली (फली छेदक कीट) का गंभीर प्रकोप देखा जा रहा है। डॉ. द्वारका एवं रूपेन्द्र सिंह द्वारा खेतों का निरीक्षण कर बताया गया कि यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो यह कीट किसानों को भारी आर्थिक नुकसान पहुँचा सकता है। डॉ . द्वारका ने किसानों को सतर्क रहने और तुरंत बचाव उपाय अपनाने की सलाह दी है। इल्ली लगने के मुख्य कारण में अधिक नमी व ठंडा मौसम, देर से बोई गई फसल, खेत में खरपतवार की अधिकता, संतुलित खाद व दवा का अभाव, लगातार एक ही फसल बोना है।

इल्ली के प्रमुख लक्षण में पत्तियों में गोल-गोल छेद होना, फूल और फलियों का झड़ना, फलियों में छेद कर अंदर से दाना खाना, खेत में हरी-भूरी रंग की मोटी इल्ली दिखाई देना व उपज में अचानक गिरावट होना प्रमुख है। इल्ली से होने वाला नुकसान की बात करें तो इल्ली सीधे फलियों पर हमला करती है, जिससे चने का दाना खराब हो जाता है। एक इल्ली कई फलियाँ नष्ट कर सकती है। समय पर नियंत्रण न होने पर 30 से 50 प्रतिशत तक पैदावार घट सकती है। इल्ली से बचाव के प्रभावी उपायों की हम बात करे तो देशी व जैविक उपाय में 5–6 फेरोमोन ट्रैप प्रति हेक्टेयर लगाएँ, नीम तेल 3–5 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव, पक्षियों के बैठने के लिए टी-आकार की लकड़ी लगाएँ। अंडों और इल्ली को हाथ से नष्ट करें। रासायनिक नियंत्रण की बात करें तो इमामेक्टिन बेंजोएट 5 एसजी 0.4 ग्राम प्रति लीटर या स्पिनोसैड 45 एससी 0.3 मिली प्रति लीटर या इंडोक्साकार्ब 14.5 एससी 1 मिली प्रति लीटर का छिड़कर किसान भाई कर सकते है। दवा का छिड़काव शाम के समय करें और एक ही दवा बार-बार न प्रयोग करें। डॉ . द्वारका (कीटशास्त्र विभाग, कृषि महाविद्यालय, पन्ना) का कहना है कि समय पर निगरानी और समन्वित कीट प्रबंधन अपनाने से इल्ली पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। किसान भाई नियमित रूप से खेत का निरीक्षण करें और आवश्यकता पड़ने पर संपर्क कर सकते है । तथा विश्वसनीय दवाओं हेतु ठाकुर रूपेंद्र सिंह से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते है। चने की इल्ली एक गंभीर समस्या है, लेकिन सही जानकारी, समय पर कार्रवाई और उचित बचाव उपाय अपनाकर किसान अपनी फसल को सुरक्षित रख सकते हैं। जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है।

## कांग्रेस ने लोकतंत्र को दी मजबूती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेंदूखेड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीलेश यादव की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा एक-दूसरे को स्थापना दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितेश यादव ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को मुंबई में हुई थी। कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराना, राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना, समाज के निम्न वर्गों का उत्थान करना तथा शिक्षा को बढ़ावा देना रहा है। कांग्रेस पार्टी ने देश की आज़ादी से लेकर लोकतंत्र की मजबूती तक ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीलेश यादव, उप ब्लॉक तेजगढ़ अध्यक्ष मोहन सिंह आदिवासी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ऋषभ सिंघई, मदन नामदेव, जमुना प्रसाद यादव, पितांबर साहू, आशीष साहू, देवी प्रसाद साहू, गौरव दुबे, भोजराज लोधी, जवाहर पाल, प्रमोद वेन, चिंतामणि विश्वकर्मा, बहादुर चौकसे, शुभम बागवार, कैलाश यादव, महेंद्र सिंह लोधी, अब्दुल खलील, हरि शंकर रैकवार, सोहेब खान, गोपाल लोधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ किया गया।

### एसपी और विधायक की मौजूदगी में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

# गरीबों के लिए हमदर्द बनी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड से बचने के लिए जरूरत मंदों को ठंड से राहत देने के लिए हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने अनुकरणीय पहल करते हुए गरीबों का दर्द समझते हुए उन्हें रविवार को हटा थाने बुलाकर थाना परिसर में पहली बार एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर दमोह एसपी और स्थानीय विधायक की मौजूदगी में जरूरतमंदों को कम्बल का वितरण किया गया। इस दौरान हटा थाना के पुलिस अमले के साथ समाजसेवियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में दिव्यांग जनों,आदिवासी वनवासी एकलव्य छात्रावास के छात्र एवं जरूरतमंद लोगों की मौजूदगी में हटा विधायक उमादेवी खटीक और एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के द्वारा सभी जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण किया। कम्बल पाकर जरूरत मंदों के चेहरों पर मुस्कान और संतोष देखने को मिला। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने कहा यह बहुत ही सराहनीय कार्य पुलिस के द्वारा किया जा रहा है लोगों को इस कार्य में पुलिस का सहयोग जरुर करना चाहिए। वहीं एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया हर थाने में हम लोग समाज सेवा से जुड़े कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को हटा थाने में जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। नगर के व्यापारिक संगठन और समाजसेवियों ने यह कंबल दान किए हैं यह एक बहुत अच्छी पहल है जिसमें जरूरतमंद लोगों को कंबल मिलने से ठंड में थोड़ी सहूलियत मिल जाती है। आज पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास और सहयोग का रिश्ता मजबूत हो रहा है। कमजोर वर्गों की सेवा करना प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक एवं अधिकारी का दायित्व है। नगर और ग्रामीण क्षेत्र में अन्य जो व्यापारी और समाजसेवी हैं उनसे भी हमारा आव्हान है कि वह भी इस कार्यक्रम में जुड़े। यदि कोई व्यक्ति पुलिस की मदद करना चाहता है तो अपने संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी से संपर्क कर सकता है। आगे भी हम लोग इसी प्रकार के कार्य करेंगे जिससे जनता में एक अच्छा संदेश जाएगा और पुलिस का जो मानवीय चेहरा है वह लोगों के सामने आएगा। वही हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने कहा कि जरूरतमंदों को यह कंबल वितरण किए गए हैं जो भी लोग रह जाएंगे उन्हें भी यह कंबल दिए जाएंगे ताकि ठंड से वह राहत पा सके। थाना प्रभारी के द्वारा की गई इस पहल की सभी लोग सराहना कर रहे है। इस कार्य में सहयोग करने वाले लोगों ने सुरेंद्र अग्रवाल,अंकुश खटीक,आशीष पुरानी,रीतेश अग्रवाल,शुभम दुबे के सहयोग से कंबल का वितरण किया गया। आपको बता दे इस समय जिले में काफी तेज ठंड हो रही है। जरूरतमंद लोगों के पास गर्म कपड़े न होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस के द्वारा पूरे जिले में इसी प्रकार जरूरतमंद लोगों को कंबलों का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को हटा में भी यह कंबल वितरित किए गए।

## खबर संक्षेप

### स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज 4 जनवरी से करेंगे श्रीमद्भागवत कथा

**दमोह।** नगर के फुटेरा वार्ड नंबर 4 स्थित श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण शाला नरसिंह मंदिर के पास दमोह में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 04 जनवरी से 10 जनवरी तक स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज के परम कृपा पात्र महंत गुरुदेव स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज के मुखारविंद से होने जा रहा हैं। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा 04 जनवरी दिन रविवार को सुबह 09 बजे से प्राचीन श्री राम मंदिर, बहराम टॉकीज के पीछे प्रेम निवास लॉज के पास से प्रारंभ होकर घंटाघर, मीनाक्षी मंदिर, महाकाली चौराहा होते हुए कथा स्थल श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण शाला फुटेरा वार्ड नंबर 4 नरसिंह मंदिर के पास पहुंचेगी। कथा के आयोजक व मुख्य यजमान श्रीमती पुष्पा गोविंद तिवारी ने समस्त भागवत प्रेमी धर्म प्रेमी बंधुओं से आग्रह है कि सह परिवार कथा श्रवण करें एवं समस्त कार्यक्रमों में पधारकर अपना जीवन सफल बनाएं। आयोजक श्री तिवारी परिवार, मंदिर समिति, समस्त वार्ड वासी एवं आनंद सत्संग मंडल ने समस्त दमोह वासियों एवं सभी धर्म प्रेमी बंधुओं माता बहनों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

### आप ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**जबेरा।** आम आदमी पार्टी ने मध्य प्रदेश प्रदेश जोड़ो अभियान के तहत प्रदेश प्रभारी दिल्ली सरकार के पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र तोमर के मार्ग दर्शन में मध्य प्रदेश जोड़ों अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज मध्य प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मजदूर संघ से आप के वरिष्ठ नेता बसंत राय ने आज जबेरा विधानसभा की ग्राम पंचायत सागोड़ी खुर्द में की सभा जिसमें गरीब आदिवासी दलित महिला पुरुष सैकड़ो से अधिक लोग उपस्थित हुए। जिसमें अनेक जन समस्या मजदूर किसानो ने सुनाई। आप पार्टी मध्य प्रदेश के नेता बसन्त राय ने बताया जबेरा विधानसभा में शासन प्रशासन सुने तथा सभी ग्राम वासियों ने बिजली बिल की अवैध वसूली बिजली की व पानी नल जल की समस्या ग्राम वासियों ने और अनेक समस्याएं सुनाएं। आम आदमी पार्टी ने सभी जवाबदारो से निवेदन कि उनकी समस्या तत्काल सुनी जाए। आप पार्टी से डममू पटेल बहादुर लोधी चना आदिवासी बसंत राय आदि की उपस्थिति रही।

### बैनी प्रसाद मिस्त्री का आकस्मिक निधन

**हिण्डोरिया।** नगर के अम्बेडकर वार्ड निवासी मिही लाल अहिरवार एवं डॉ अशोक कुमार अहिरवार के



भाई बैनी प्रसाद मिस्त्री का लगभग 49 वर्ष की आयु मे ब्रेन हेमरेज होने के चलते आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मे सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर मृतक को श्रध्दांजलि अर्पित की।

## अधिकारियों ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

# सिंग्रामपुर वन चौकी से हथियार और शासकीय दस्तावेज लूट ले गए शिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

दमोह वन मंडल के सीग्रामपुर वन परिक्षेत्र क्षेत्र की सुरेखा बीट में वन विभाग ने शिकारियों को पकड़ा था। जिनके पास से बंदूक और जिंदा कारतूस बरामद किए थे। जब बनकर्मी शिकारियों को अपने साथ चौकी में लेकर आए और कार्रवाई कर रहे थे। इसी दौरान शिकारी के परिजन चौकी में पहुंच गए और वन कर्मियों को धमकाते हुए जप्त की हुई बंदूक, कारतूस व शासकीय दस्तावेज लूट ले गए। तत्काल ही कर्मचारियों ने अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद जबेरा थाना पुलिस में मामले की शिकायत दर्ज कराई गई है। जानकारी देते हुए सिंग्रामपुर रेंजर मनीष पटेल ने बताया की 26 और 27 दिसंबर की दरमियानी रात वनरक्षक विकास जाटव व अन्य बीत गार्ड जंगल में गश्ती पर चल रहे थे। इसी दौरान वन परीक्षेत्र की सुरेखा बीट में जबलपुर पासिंग थार गाड़ी मिली। जब वन कर्मियों ने उन्हें रोका तो गाड़ी के अंदर 12 बोर की बंदूक, 11 जिंदा कारतूस, एक चला हुआ कारतूस दो चाकू मिले। गाड़ी में तीन लोग सवार थे जिसमें कुसमी



मानगढ़ निवासी छोटू खान व दो अन्य लोग थे। वन कर्मी इन्हें पकड़ कर चौकी में लेकर आए और मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान छोटू खान का पिता बाबर खान अपने तीन साथियों के साथ चौकी में पहुंचा और देर रात बनकर्मियों को धमकाते हुए शासकीय दस्तावेज लूट लिए। साथ ही जो हथियार उन्होंने बरामद किए थे वह भी आरोपी छुड़ाकर ले गए।



आरोपियों से जो थार गाड़ी जप्त की गई थी उसकी चाबी बनकर्मियों के पास होने के चलते वह गाड़ी अपने साथ नहीं ले जा पाए। रेंजर पटेल ने बताया कि उन्होंने तत्काल ही वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे सहित वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की सूचना दी। साथ ही जबेरा पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि रेंजर सहित सिंग्रामपुर वन विभाग की टीम ने थाने पहुंचकर छोटू खान, बाबर खान सहित पांच अन्य आरोपियों पर शासकीय काम में बाधा जातिगत अपमान सहित शासकीय दस्तावेज लूटने की शिकायत दर्ज कराई है। कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीएफओ ईश्वर जरांडे ने बताया कि मामले की शिकायत जबेरा थाने में दर्ज कर दी है। पुलिस के द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्द ही वह गिरफ्तार हो जाएंगे।

# कुम्हारी जिपं सदस्य निर्वाचन के लिए आज होगा मतदान

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर और प्रेक्षक शैलेन्द्र कियावत की मौजूदगी में सामग्री वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर और प्रेक्षक शैलेन्द्र कियावत की मौजूदगी में 28 दिसंबर को सामग्री वितरण कर मतदान दलों को रवाना किया गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी निर्वाचन के लिए सामग्री वितरण की गई है, आज 29 दिसम्बर को मतदान होगा, इसलिए 28 दिसंबर को सुबह से अभ्यर्थियों और उनके अधिकृत अभिकर्ताओं की उपस्थिति में स्ट्रॉन्ग रूम को खोला गया, जहाँ पर ईवीएम और बैलेट यूनिट आदि रखी हुई हैं। इसके तत्काल बाद सामग्री वितरण का काम सुबह 10 बजे से प्रारंभ किया गया। उन्होंने बताया जितने मतदान दल हैं, उन सभी के बैठने की व्यवस्था की गई है। किसी को भी लाइन में नहीं लगना पड़ रहा है, सभी जगह बैठने की व्यवस्था है और बैठकर सभी मतदान दलों ने अपनी सामग्री का मिलान किया। दलों को ईवीएम मशीनें भी प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कुछ समय के कारण अंदर दलों का रवाना होना शुरू हो जाएगा और शाम 04 बजे तक सभी दल अपने-अपने स्थान पर पहुँच जाएंगे। अधिकतम दूरी सगोनी मतदान केंद्रों की है, जो लगभग 40-50 किलोमीटर के आसपास है, तो शाम तक सभी मतदान दल सेटल हो जाएंगे। दलों के लिए रुकने आदि की सारी व्यवस्थाएँ व्यवस्थित रूप से की गई हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया मतदान दिवस आज 29 दिसंबर को सबसे पहले सुबह 06 बजे मॉक पोल होगा और उसके बाद 07 बजे से मतदान प्रारंभ हो जाएगा, जो 03 बजे तक चलेगा। पुलिस और बाकी सभी प्रशासनिक तंत्र की व्यवस्थाएँ चाक-चौबंद हैं। प्रेक्षक शैलेन्द्र कियावत भी वहीं हैं, उनकी उपस्थिति में सारी कार्रवाई की जा रही है। और मुझे पूरी उम्मीद है कि पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ यह स्वतंत्र रूप से मतदान संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि जिले में पहली बार 77 मतदान केंद्रों पर एक साथ पेपरलेस चुनाव हो रहा है, इसके लिए टीवी स्क्रीन, थंब इंप्रेशन की मशीन, सिग्नेचर पैड की मशीन ये सारी मशीन इंस्टॉल की जा रही है, जिसका काम 28 दिसंबर को शाम तक पूरा हो जाएगा, इसके अलावा प्रचार और जागरूकता के लिए तीन चुनाव रथ लगे हुए हैं जो इस प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक जानकारी दे रहे हैं।

# नये वर्ष 2026 की शुरूआत भारतीय सभ्यता के अनुसार 1 जनवरी को सूर्योदय से ही करें- मुनि श्री प्रमाण सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य गुणायतन, शंक ।समाधान, भावनायोग प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज का भोपाल चातुर्मास के उपरांत मंगल विहार श्री सम्मेदशिखर की ओर चल रहा है आगामी 31 दिसंम्वर को मुनिसंघ का मंगल प्रवेश कुंडलपुर में होगा एवं बड़े बाबा के दर्शन करेंगे उपरोक्त जानकारी देते हुये मुनिसंघ एवं गुणायतन के मध्यक्षेत्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया मुनि श्री का रविवार को बासा में मंगल प्रवेश हुआ इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा कि आज बासा ग्राम में दो वर्ष पश्चात फिरसे आने का संयोग बना उन्होंने कहा कि आप लोग हाई बे पर बसे हो निश्चित भाग्यशाली हो, जंहा गुरुओं का सहजरूप से आगमन होता रहता है तथा बासा का नाम हमारे साथ तो बहन सुनिता दीदी का कत्था बाला परिवार पूरी तरह से जुड़ा होंने के कारण प्रायः हर प्रसंग में बासा का नाम आ ही जाता है उन्होंने संपूर्ण बासा समाज को आशीर्वाद देते हुये कहा कि आप लोगों ने यंहा मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज के सानिध्य में पाषाण का





मंदिर बनाने का जो बीड़ा उठाया है वह साधारण कार्य नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण कार्य है उसे आप सभी लोग मिलकर पूर्ण करेंगे साथ ही उन्होंने कहा कि आपके यंहा से उदार सागर महाराज का भी जन्म स्थल है तथा एक क्षेत्र का भी निर्माण किया है निश्चित ही यह सब बाहर की चीजें है लेकिन यह सब तभी घटता है जब हमारे अंदर वैसी दृष्टि प्रकट होती है।

संतो से हमें जीवन की दिशा, दृष्टि, प्रेरणा और पथ मिलता है- धरती में बीज बोते है, तो वह अंकुरित और पल्लवित होता है,तथा पुष्पित होकर फलवान बनता है तब कंही जाकर उस बीज की सार्थकता सिद्ध होती है,जैसे बीज को फलवान वृक्ष बनने के लिये धरती में समाना पड़ता है,और वही बीज यदि चट्टान पर पड़ा रह जाये तो वह हवा पानी में सड़गल कर नष्ट हो जाता है चट्टान में पड़कर भी बीज मिटता है,और मिटटी में सिमटकर भी बीज मिटता है लेकिन मिटटी में सिमटकर बीज का विराट स्वरुप वृक्ष के रुप में सामने आता है,हम सभी का जीवन बीज की तरह है हम इस बीज का क्या कर रहे है इस पर विचार करना है? क्या हम इसे धर्मध्यान की मिट्टी में बो कर फलवान बना रहे है या भोग विलासता की चट्टान में इसे नष्टभ्रष्ट कर रहे है,मुनि श्री ने कहा कि दौनों तरह के लोग है और दौनों तरह का जीवन जो लोग अपने जीवन को सही दिशा देते है,उनका जीवन सार्थक होता है,और जो लोग मौज मस्ती और भोग विलास के चक्कर में खो जाते है उनका जीवन यूं ही नष्ट भृष्ट हो जाता है, संतों की यही एक प्रेरणा रही है कि हम अपने जीवन के मर्म को पहचाने और ध्येय को जानकर जीवन को सही दिशा प्रदान करें मुनि श्री ने कहा कि जन्म और जीवन पाना बहूत बड़ी उपलव्धी नहीं है सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण जीवन की दिशा है, संतो से हमें जीवन की दिशा और दृष्टि प्रेरणा और पथ मिलता है मुनि श्री ने कहा कि संतों के प्रति हम जो अनुराग भाव प्रकट करते है,उस अनुराग के साथ साथ हमें यह देखना है कि मेरे जीवन की दिशा क्या है?

दौपहर पश्चात शंका समाधान कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने शंका का समाधान करते हुये कहा कि "नये वर्ष की शुरुआत 31 दिसंम्वर की रात्री के 12 बजे न करते हुये 1 जनवरी 2026 के सूर्योदय के साथ करें उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में दिन की शुरुआत सूर्योदय के साथ होती है,अतःआप लोगों को लौकिक रुप से नये वर्ष की शुरूआत भारतीय सभ्यता के अनुसार सूर्योदय से ही करना चाहिये मध्यरात्री में दर्शन पूजन करना हमारी सभ्यता का प्रतीक नहीं है,अतः पश्चिमी सभ्यता का अनुसरण न करें" इस अवसर पर कुंडलपुर तीर्थक्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्र कुमार जैन,महामंत्री आर. के जैन सहित कमेटी के पदाधिकारियों ने मुनिसंघ को बलेह में श्रीफल अर्पित करते हुये कुंडलपुर पधारने का अनुरोध किया इस अवसर पर निर्माण कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वीरेश सेठ जबलपुर ने भी श्री फल अर्पित करते हुये अपनी शंका का समाधान किया।

# नाम बदला पर अस्पताल भवन में लिखा फतेहपुर चर्चाओं में




**अजबधाम।** बटियागढ़ ब्लॉक के फतेहपुर गॉव का नाम बदलकर पिछले दिनों प्रसिद्ध देवस्थली के नाम से अजब धाम किया गया था जिसमे स्कूल,ग्राम पंचायत, पुलिस चौकी सहित कई शासकीय भवनों के बोर्ड बदले गए और नया नाम अजब धाम लिखा गया। लेकिन हाल ही में यंहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन बनकर तैयार हुआ है जिसमे स्थान और गांव का नाम फतेहपुर ही लिखा गया है, जिससे स्वास्थ्य विभाग और सम्बंधित अधिकारियों की कार्यशैली पर सबाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगो का कहना है कि जब लम्बे समय से नाम बदलकर अजब धाम कर दिया गया तो हाल ही में नए भवन में यह ध्यान क्यो नही रखा गया और फतेहपुर गाँव लिखा जाना गम्भीर लापरवाही है, लोगो ने खबर के माध्यम से तत्काल ही अस्पताल भवन के बोर्ड में सही नाम अजब धाम लिखने की मांग की है।

# करणी सैनिकों ने रक्तदान किया



**दमोह।** करणी सेना परिवार जिला दमोह द्वारा शैलेंद्र सिंह झाला के जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन ग्राम मारुताल में किया गया जहां करणी सैनिकों ने रक्तदान किया। जिला अध्यक्ष नितिन सिंह तोमर ने बताया कि करणी सेना परिवार के द्वारा जिले भर में इस तरीके के आयोजन हम लोग करते रहते है, शिविर का उद्देश्य युवाओं को रक्तदान की प्रति जागरूक करना है जिससे युवा साथी इस प्रकार के आयोजन में भाग ले ओर रक्तदान कर जरूरत मंद लोगों की मदद कर सके। इस अवसर दिग्विजय सिंह, कपिल सिंह, संतोष सिंह राजपूत, विक्की बना, सागर बना, राजन राजपूत, अमन राजपूत, राहुल राजपूत, कपिल तोमर, कुनाल राजपूत, शिवम् राजपूत, विशाल राजपूत, मधुर राजपूत, देवेंद्र राजपूत, करणी सेना के जिला स्वास्थ प्रभारी राकेश दाहिया और मीडिया प्रभारी महेंद्र ओर अन्य साथियों ने रक्तदान किया।

# कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

पटेरा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज रविवार, 28 दिसंबर 2025 को पटेरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर की गई। इसके पश्चात पार्टी के वरिष्ठ नागरिकों ने कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास से लेकर वर्तमान समय तक संगठन की भूमिका, विचारधारा एवं स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नागरिकों एवं पूर्व पदाधिकारियों का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के लोकतंत्र में योगदान, सामाजिक समरसता और संविधान की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों को रेखांकित करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी हाजी शमशुद्दीन पहलान,पवन पालीवाल, महेश सेठ, राजू बजाज, राजू जैन, कलीमुद्दीन खान, धर्मेंद्र चौधरी, डॉ. कुरैशी, सिद्धै विश्वकर्मा, गिरधारी लोधी, नितिन ताम्रकार, सौरभ ताम्रकार, रत्नेश अग्रवाल, कम्मू ताम्रकार, वैभव ताम्रकार, हनी ताम्रकार, सचिन शुक्ला, उत्तम सिंह, दिन्नु नामदेव, गणपत कोरी, दिलीप अहिरवार, गब्बु खान, सुकई खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नंदे लाल चौरसिया ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव देश की एकता, अखंडता और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है तथा आगे भी जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम का समापन संगठन की मजबूती एवं आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श के साथ किया गया।

# जिला कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141 वां स्थापना दिवस कांग्रेस जनों ने झंडा वंदन, राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय गीत का गान करके मिष्ठान वितरित करके मनाया उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि कांग्रेस केवल एव पार्टी नहीं बल्कि वह विचारधारा है जिसने अंग्रेजों की गुलामी के अंधेरे में आजादी का दीप जलाया। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान सामाजिक सोहार्द और स्वतंत्र भारत को लोकतांत्रिक रास्ता दिया। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि पहिले लड़े थे गोरो अब लडेग़े चोरो से। तेजीराम रोहित, रजनी ठाकुर, सुंषमा विक्रम सिंह, परम यादप, प्रदीप पटैल, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अमर सींग, दिनेश रैकवार, कमला निषाद, गीता लोधी, डी.पी. पटेल, मदन सुमन, राव, लाखन सिह, उबेद गोरी, शंभु राय, बंसत कुशवाहा, हरमिन्दर राजपाल, एम.एम. राही ने राष्टीय ध्वज के सलामी देते हुए कहा कि पूर्व में हमारे कांग्रेस के राजनेताओं इस देश में कल कारखाने युवाओं के रोजगार के लिए अनेको स्थान बनाये किन्तु वर्तमान भाजपा सरकार राज्य की हो अथवा केन्द्र की महत्वपूर्ण इमारते वन संपदा एव अन्य को बेच रही है। अमित बुधौल्या, प्रदीप नायक, रियाज खान, जावेद रोजान, ए.के चिश्ती, खिल्लू ठाकुर, बाबू चौहान, सलीम बैटरी, सलामत अली, अलीम खान, डिम्पल सेन, गज राज सींग वकील कुरैशी, संतोष अहिरवार, मानक अहिरवार, शेरू कछवाहा, कैलाश राय सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

## दुग्ध उत्पादन क्षमता के लिए संतुलित आहार आवश्यक



**हिनौताकला।** दुग्ध समृद्ध संपर्क अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत पूर्व कृषि मंत्री एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुशमरिया बाबा ने पशुओं की बेहतर स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन क्षमता के लिए संतुलित आहार को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने पशुओं के खान-पान में पशुओं आहार और टीकाकारण का समय-समय पर ध्यान देना बताया जिसमें पशुपालक की आय में वृद्धि हो और हमारे मध्य प्रदेश एवं क्षेत्र में दुग्ध की अधिक वृद्धि के लिए शॉट सीमन से कृत्रिम गर्भाधान कराए। अब हमारे क्षेत्र में अच्छी नस्ल के पशु पैदा हो और उन्होंने एक बात और कहीं जो गौशाला में गोबर गैस प्लांट लगवाने की बात कही । गौ मैत्री लक्ष्मीकांत पटेल और गजेंद्र सिंह चंदेल मौजूद रहे।